तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 चार सब स्टेशन की निर्माण गति सुस्त, अब तक नहीं हो पाया चार्ज



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 28 दिसंबर को विकासखंड कोरबा के ग्राम बड़गांव, सुर्वे में 10 बजे से तथा डोकरमना, कुदरीचिंगार, विमलता में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम कोलिहामुड़ा में 10 बजे से और देवगांव में 2 बजे से, पोडी उपरोडा ब्लॉक के खिरटी में 10 बजे से, अरसिया में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेंद्रीपाली में 10 बजे से तथा केराकछार मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम सेंद्रीपाली में 10 बजे से और रंगोले में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 28 दिसंबर की दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कोरबा जिले के वृहद जलाशयों एवं लघु जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ सिंचाई उपलब्धि तथा रबी सिंचाई लक्ष्य का निर्धारण, खाद-बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता आदि अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### अक्षत कलश आने पर बरपाली में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बरपाली।** अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर में आने वाले 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है जिसके लिए पूरे देश मे त्योहर सा माहौल है और पूरे देश मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में अयोध्या से अक्षत कलश के देश भर के विभिन्न स्थानों से होते हुए बरपाली पहुचने पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। अक्षत कलश शोभायात्रा 28 दिसम्बर की दोपहर 3 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर बरपाली से शिव मंदिर होते हुए माँ मड़वारानी मंदिर बस्ती बरपाली तक जाएगी जिसमे आसपास के सभी श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील किया गया है। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए बरपाली वासियों से ग्राम स्तर पर एक अस्थायी समिति का गठन किया है। जिसके अध्यक्ष किशन अग्रवाल, दो उपाध्यक्ष प्रमोद गुरुद्वान, दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल सचिव प्रवीण उपाध्याय, सह सचिव देव महतो तथा प्रचार प्रसार प्रमुख संजीव शर्मा व वीरेन्द्र शुक्ला को बनाया गया।

### मड़ाई मेला का आयोजन होगा 3 जनवरी को

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार कोरबी (अमलीपारा) में तीन जनवरी बुधवार को मड़ाई मेले का आयोजन किया गया है। समस्त ग्रामवासीयों के निर्णय से 3 जनवरी को एक दिवसीय मड़ाई मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्र के सभी व्यापारी बंधुओं एवं आम नागरिकों को मड़ाई मेले में आकर सहयोग देने साथ ही आनंद लेने की अपील की है।

### पतंजलि चिकित्सालय में स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कल

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में 29 दिसंबर को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार सुबह 10 बजे से कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# पुराने विधायकों की विधायक निधि खर्च होगी नए विधायकों के कार्यकाल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के चारों विधानसभा कोरबा, कटघोरा, रामपुर व पालीतानाखार के लिए पिछली सरकार में स्वीकृत विधायक निधि की अंतिम किस्त की राशि जारी कर दी गई है। उक्त राशि का खर्च अब इन चारों विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक करेंगे। पिछली सरकार के विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए विधायक निधि से होने वाले कार्यों का प्रस्ताव भी तैयार कर शासन को भेजा था। अब उन कार्यों की जिम्मेदारी नए विधायकों पर आ गई है। चारों विधानसभा में इस वर्ष संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में नए विधायक चुने गए हैं।

अलग खबर

क्षेत्रीय विकास के लिए प्रत्येक विधायकों को विधायक निधि के मद से विकास कार्य कराने के लिए एक निश्चित राशि जारी की जाती है। प्रत्येक विधायक को 3 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की जाती है, जिससे वह क्षेत्रीय जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करते हैं और राशि जारी होने के बाद अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराते हैं। किस्त-किस्त में जारी होने वाली विधायक निधि राशि पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल ⏭ शेष पेज 3 पर

### प्रत्येक विधानसभा में खर्च होंगे 98 लाख 66 हजार रुपए

**खास बात**

- पिछली सरकार के द्वारा स्वीकृत की गई विधायक निधि की अंतिम किस्त जारी हुई




### तीन विधानसभा में भवन और एक विधानसभा में पेयजल पर हुआ खर्च

जिले के चार विधानसभा में कोरबा, कटघोरा और रामपुर विधानसभा के विधायकों ने अपनी-अपनी विधायक निधि का सबसे ज्यादा खर्च सामाजिक विकास के लिए सामुदायिक भवनों के निर्माण में किया है। इसके बाद दूसरी प्राथमिकता में सीसी रोड निर्माण थी। पालीतानाखार विधानसभा के पूर्व विधायक ने क्षेत्र की पेयजल समस्या के निराकरण हेतु विधायक निधि की सबसे ज्यादा राशि खर्च की है। इसके अलावा मूलभूत विकास में पंचायत क्षेत्र के पिछले आश्रित ग्रामों में सीसी रोड का निर्माण किया जाता है। पालीतानाखार विधायक का क्षेत्रफल तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अधिक है और पेयजल की समस्या सबसे ज्यादा है। विशेषकर कोरबी-चोटिया, पहाड़गांव, पसान, लमना ऐसे गांव हैं जहां गर्मी के दिनों में पेयजल समस्या बनी रहती है। उस समस्या के निराकरण के लिए विधायक निधि की राशि खर्च की है।

### पिछले वर्ष ही एनआरएलएम योजना के तहत हुई थी स्थापित

# सीताफल की आवक थी कम, पसान की प्रसंस्करण यूनिट पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन की एनआरएलएम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत पसान में पिछले वर्ष स्थापित की गई सीताफल फूड प्रोसेसिंग यूनिट महज एक वर्ष चलने के बाद बंद होने की स्थिति में आ गई है। इस वर्ष सीताफल की फसल कम आने के कारण यूनिट को चलाने वाली स्व सहायता समूह को सीताफल ही नहीं मिले ग्रामीणों ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट को सीताफल बेचने बजाए अधिक दाम मिलने के कारण मार्केट में बेचने में ज्यादा दिलचस्पी ली। इसके साथ बीते वर्ष तैयार सामान को भी मार्केट नहीं बिक सका था।

जिले के पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड के पसान क्षेत्र के अंतर्गत सीताफल की फसल ज्यादा होने के कारण उसका व्यवसायिक उपयोग करने और क्षेत्र के महिलाओं को इसका आर्थिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से सीताफल प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना की गई है। जिसमें गांव के ही आशा महिला संकुल संगठन महिला स्व सहायता समूह को जोड़ा गया था। उसके पूर्व आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को फूड प्रोसेसिंग यूनिट के संबंध में ट्रेनिंग भी दी गई थी। जिसमें सीताफल से उत्पाद तैयार करने के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई। बीते वर्ष सर्दी के दो महीने में पसान क्षेत्र में सीताफल की फसल की पैदावार ज्यादा हुई थी और पहली यूनिट होने के कारण समूह की महिलाओं में भी उत्साह था और ग्रामीणों ने भी सीताफल यूनिट को बेचने में रूचि दिखाई थी। फलस्वरूप पिछले वर्ष सीताफल यूनिट की शुरूआत अच्छे ढंग से हुई, किंतु यूनिट से तैयार माल को मार्केट नहीं मिलने के कारण रूझान कम होता गया और इस वर्ष सीताफल की फसल ही पिछले वर्ष की अपेक्षा कम होने के कारण समूह को पर्याप्त मात्रा में उत्पाद तैयार करने हेतु सीताफल नहीं मिले। जिसके बाद एक वर्ष चलने के बाद इस वर्ष सीताफल फूड प्रोसेसिंग यूनिट में उत्पादन ही नहीं हुआ। आने वाले दिनों में भी उत्पाद की माकेटिंग नहीं होने के कारण यूनिट के बंद होने का खतरा मंडराने लगा है।



पसान स्थित सीताफल का मार्केट।

### इस वर्ष फसल कम आई

सीताफल फूड प्रोसेसिंग यूनिट पसान में आईसीआईसीआई फाउंडेशन के द्वारा स्थापित की गई थी। इस वर्ष क्षेत्र में सीताफल की फसल पिछले वर्ष की अपेक्षा बहुत कम आई है। इस वजह से मार्केट में उत्पादन नहीं आ सके। इस यूनिट में सीताफल से शेक बनाया जाता है। बीते साल बनाए गए उत्पादन को बाजार नहीं मिलने के कारण इस वर्ष यूनिट से उत्पादन बंद है।

- **राजीव श्रीवास** को-आर्डिनेटर, आजीविका मिशन

### होती है ज्यादा पैदावार

पसान और उसके आसपास के ग्रामीण अंचलों में सीताफल की पैदावार ज्यादा होती है बिलासपुर जिले से आने वाले फलों के थोक व्यापारी यहां के ग्रामीणों से सीताफलों की खरीदारी करते हैं, जिसका उन्हें अच्छा दाम नहीं मिल पाता और ग्रामीण ठगे जाते हैं। पसान क्षेत्र पेंड्रा जिले से लगा हुआ है, जहां से सीताफल बड़े पैमाने पर आते हैं। जिसका पहली बार व्यवसायिक उपयोग करते हुए महिला स्व सहायता समूह को जोड़ा गया था, किंतु अपेक्षित प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलने के कारण पहले ही वर्ष में फूड प्रोसेसिंग यूनिट ने दम तोड़ दिया। सीताफल एक मौसमी फल है जिसकी आवक अक्टूबर महीने से शुरू हो जाती है। नवंबर महीने तक इसकी पैदावार का समय रहता है। यही दो माह सीताफल की फसल मार्केट में आती है।

### आईसीआईसीआई फाउंडेशन का मिला था सहयोग

आईसीआईसीआई बैंक के फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर के मद से सीताफल फूड प्रेसेसिंग यूनिट स्थापित करने हेतु आर्थिक सहयोग दिया गया था, जिसके बाद ही यूनिट स्थापित हो पाई थी। उसके पूर्व बैंक के सीएसआर की टीम ने क्षेत्र का भ्रमण कर सीताफल फसल के उत्पादन के संबंध में जानकारी भी एकत्र कर रिपोर्ट तैयार की थी।

# मवेशी से भरा पिकअप छोड़ भागे तस्कर, दो मवेशियों की मौत



जब्त वाहन व मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पिकअप वाहन में 10 मवेशियों को भरकर तस्करी के लिए झारखंड ले जाया जा रहा था। जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी तो तस्कर हाईवे पर ही गाड़ी छोड़कर भागने लगे। जब पुलिस ने पिकअप वाहन को जप्त किया तो उसमें से दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है।

**खास बात**

- बांगो थाना क्षेत्र के लालपुर के पास पुलिस ने की थी घेराबंदी

जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक जेएच 01 डीजी 5436 में 10 मवेशियों को भरकर तस्करी के लिए झारखंड ले जाया जा रहा था। देर रात लगभग 11:30 बजे बांगो पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर लालपुर के पास आरोपियों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी की गई थी लेकिन आरोपी चालबाज निकले और हाईवे पर ही गाड़ी को छोड़कर रफुचक्कर हो गए। पुलिस की टीम ने जब पिकअप को जप्त किया और उसमें से मवेशियों को बाहर निकाला तब तक उससे पहले ही दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने इस मामले में गौ तस्करी करने वाले फरार आरोपियों के खिलाफ धारा 429/4,6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन शुरू कर दी है।

# ट्रेलर के चालक को आई झपकी जा टकराया पेड़ से, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्रेलर का चालक सुराकछार खदान से कोयला लोड कर बिलासपुर के लिए रवाना हुआ था कि तड़के उसे झपकी आ गई और उसकी तेज रफ्तार ट्रेलर सड़क से नीचे उतरकर सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक वाहन में फंस गया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रेलर में फंसे चालक को बचाने की कवायद शुरू की गई लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। घंटों मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे चालक को बाहर निकालकर वैधानिक कार्रवाई के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। बांकीमोगरा थाना क्षेत्र के सुराकछार बांकीमोंगरा के ठीक बीचों-बीच दुर्घटना घटित हुई है। पुलिस के मुताबिक सुराकछार में निवासरत दीपक यादव 32 वर्ष पिता राजू यादव अपने ट्रेलर वाहन में सुराकछार खदान से कोयला लोड कर तड़के 4 :बजे बिलासपुर के लिए रवाना हुआ था कि सुराकछार व बांकीमोंगरा के ठीक बीचोंबीच पहुंचा था कि इसी दौरान ट्रेलर चालक दीपक यादव को झपकी आ गई और उसकी ट्रेलर वाहन सड़क से नीचे उतरकर सीधे पेड़ से जा टकरायी जिससे चालक ट्रेलर में ही फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बांकीमोंगरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ट्रेलर वाहन में फंसे चालक को बाहर निकालने के लिए हाइड्रा मंगाया गया। जहां लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे चालक दीपक को बाहर निकाल कर वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सो रहा था परिवार, पीछे से घुसा चोर, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक परिवार रात में भोजन कर अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। इस बीच देर रात को अज्ञात चोरों ने पीछे के रास्ते से घर में घुसकर गए घर में रखे सोना चांदी के जेवरात सहित हजारों का माल पार कर दिया है। सुबह जब परिवार के सदस्यों की नींद खुली तो घर के कमरे का ताला टूटा देखा उनके होश उड़ गए और तत्काल इसकी सूचना पाली पुलिस को दी। जिसके बाद पाली पुलिस डॉग स्क्वाड के साथ घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

मामला पाली थाना क्षेत्र की है। यहां निवासरत अश्वनी पटेल 29 वर्ष पिता कृष्ण कुमार पटेल मंगलवार की रात भोजन उपरांत अपने परिवार के सदस्यों के साथ कमरे में सो गए थे। इस बीच एक कमरे में ताला बंद था और देर रात को अज्ञात चोरों ने घर के पीछे के रास्ते से घर के भीतर प्रवेश किया और जिस कमरे में सोने चांदी का आभूषण रखा हुआ था उस कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने पेटी सहित सोने चांदी सहित हजारों का माल पार कर दिया। सुबह जब अश्वनी पटेल की नींद खुली तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा है जिसे देखकर होश उड़ गए जिसके बाद उसने तत्काल इसकी सूचना पाली पुलिस को दी। पाली थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचकर छानबीन करने लगी। पुलिस को चोरों के संबंध में कुछ खास सुराग नहीं मिलने पर पाली थाना प्रभारी द्वारा डॉग स्क्वायड सुनील गुप्ता व फौजी डाक बाघा की भी मदद ली गई। जहां पुलिस की टीम मामले की छानबीन में जुटी हुई है।



घटनास्थल पर जांच करते डॉग स्क्वाड की टीम।

### कोर्ट-केस खत्म होने के बाद जल्द होगा कोयला अधिकारियों को पे-अपग्रेडेशन

# सेंसर माइनर पेनाल्टी होने पर भी कोल अधिकारियों को मिलेगा 75 फीसदी पीआरपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला अधिकारियों के लिए एक राहत भरी खबर है। अब सेंसर वार्निंग लेटर जारी होने व माइनर पेनाल्टी होने पर कोयला अधिकारियों को 75 प्रतिशत तक पीआरपी दिया जाएगा। पूर्व में किसी तरह की पेनाल्टी होने पर कोयला अधिकारियों को पीआरपी का लाभ नहीं मिलता था। इसके अलावा अधिकारियों को मार्च तक मोबाइल व स्मार्ट हेल्थ कार्ड भी दिया जाएगा।

**खास बात**

- कोलफील्ड भत्ता, पीआरपी, टीए, डीए, आश्रित को मुआवजा व नियोजन का मिला आश्वासन

उल्लेखनीय है कि कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआइ) एपेक्स का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में मिला। इस दौरान आयोजित बैठक में वार्ता के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कोयला अधिकारियों के वेतन विसंगति का मुद्दा उठाते हुए जल्द पे-अपग्रेडेशन की मांग की। वहीं अधिकारियों के कोल फील्ड भत्ता, पीआरपी, टीए-डीए, आश्रित को मुआवजा व नियोजन देने, मोबाइल फोन व स्मार्ट हेल्थ कार्ड देने आदि का मुद्दा उठाया। इस पर कोल इंडिया चेयरमैन श्री प्रसाद ने सभी मांगों पर पहल करने का भरोसा दिया और कहा कि कोर्ट केस खत्म कर जल्द ही कोयला अधिकारियों का पे-अपग्रेडेशन किया जाएगा। कोल इंडिया की अगली बोर्ड मीटिंग में अधिकारियों के कोल फील्ड भत्ता से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि सेंसर, वार्निंग लेटर जारी होने व माइनर पेनाल्टी होने पर कोयला अधिकारियों को अब 75 प्रतिशत तक पीआरपी दिया जाएगा। जबकि वर्तमान में कोई पेनाल्टी होने पर संबंधित अधिकारी को पीआरपी नहीं मिलता है। उन्होंने मार्च तक कोयला अधिकारियों को मोबाइल देने व जल्द स्मार्ट हेल्थ कार्ड देने पर भी सहमति जताई। इसके अलावा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ फरवरी में पुनः बैठक करने की बात कही। मौके पर सीएमओएआइ (एपेक्स) के अध्यक्ष डीएन सिंह, संजय कुमार सिंह, एवी रेड्डी, सर्वेश सिंह, डी साहू, अजीत कुमार मिश्रा व शरद कुमार तिवारी उपस्थित थे।




बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

### केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में मनाया गया वीर बाल दिवस


**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 में मंगलवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोविंद सिंह के छोटे बच्चों ने धर्म की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन है। उनकी शहादत को सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल की शुरूआत में 9 जनवरी को घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दिन चार साहिबजादों, विशेष रूप से उनके पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह के साहस के लिए एक श्रद्धांजलि होगी। जिन्हें तत्कालीन शासक औरंगजेब के आदेश पर मुगलों द्वारा कथित तौर पर मार दिया गया था।



# ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म ‘फाइटर’ का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# पूजा हेगड़े

## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस समारोह में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।



# डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

**लॉस एंजिलस।** छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जैकी संग प्यार का किया इजहार...


**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, ‘जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।’ उन्होंने आगे लिखा, ‘आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।’ इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



# विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

## टीवी मसाला



# ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर


*हिमाचल के होनहार रवीज ठाकुर ‘देवों के देव महादेव’ के प्रोड्यूसर निखिल सिन्हा के नए धारावाहिक ‘कर्माधिकारी शनि देव’ में पैरलल लीड में नजर आएंगे।*

**नई दिल्ली।** धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। ‘दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप’ के लोकप्रिय इवेंट ‘मिस्टर हिमाचल’ के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल ‘पोरस’ में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि‘मिस्टर हिमाचल’ के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में ‘मिस्टर हिमाचल’ जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। ‘मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट’ का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।

# ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज़्नी+हॉटस्टार के आगामी शो ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ‘द लेजेंड ऑफ हनुमान’ को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारूवी अग्रवाल ने डिज़्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।



### युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर

द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान’ के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

‘द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3’ में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।

# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म ‘सुल्तान मिर्जा’ का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़्लिम प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़्लिम के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़्लिम को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़्लिम सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़्लिम



की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़्लिम के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़्लिम में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़्लिम सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।

## अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

# अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म ‘रिफ्यूजी’ से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

### दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।



### कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

### बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे। ऐसे में अभिनेता अपनी बहन की शादी वाली शेरवानी पहनकर फिल्मफेयर में गए थे।

### पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म ‘बॉर्डर’ के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म ‘रिफ्यूजी’ मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

### इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म ‘घूमर’ में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म ‘भोला’ के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म ‘दसवीं’ के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही थीं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।

27 korba Bhoomi-pg3_Layout 1 12/27/2023 11:33 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पर्वतारोहण के साथ पारिस्थितिकी तंत्र को समझा यूथ हॉस्टल के सदस्यों ने

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल कोरबा और रायगढ़ यूनिट सीजी स्टेट ने अमरकंटक के लिए 2 दिवसीय ट्रैकिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में टीम ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रायगढ़ टीम के सदस्यों के कोरबा आगमन पर कोरबा टीम ने स्वागत किया। शैलेन्द्र नामदेव, कल्पना सेठ, सतीश शुक्ला एवं विजेश ने रायगढ़ की टीम के सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंट किया। रास्ते में सिद्धेश नामदेव (5 वर्ष) के लड़के का जन्मदिन मनाया गया। टीम ने कबीर चबूतरा का दौरा किया, नर्मदा माई का आशीर्वाद लिया और प्रसिद्ध नर्मदा आरती भी की। सदस्यों ने इन क्षेत्रों में पर्वतारोहण करने के साथ-साथ प्रकृति से जुड़े विभिन्न आयामों और पारिस्थितिकी तंत्र का भी स्वच्छता के साथ अध्ययन किया और इसकी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में कपिल धारा, जैन मंदिर, माई का बगीचा, सोनमुडा, जलेश्वर मंदिर, दुर्गा धारा, प्रमाण पत्र वितरण और स्वादिष्ट लंच, डिनर आदि के साथ कैंप फायर का भी शामिल था। 7 साल के जुड़वां बच्चे रेयांश और सुभांश के नृत्य ने कैंप फायर को एक शानदार माहौल बना दिया। टीम ने खूब आनंद लिया और कपिल धारा में रायपुर टीम से मुलाकात की और संयुक्त फोटोग्राफी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में इकाई अध्यक्ष सतीश शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य राहुल गुप्ता, पी एल मिरेंद्र ने सहयोग दिया। श्रीमती मीना, जे पी विश्वकर्मा, त्रिभुवन कौशिल, सुबाष पंडा, महेंद्र डनसेना, अजय जयसवाल, आर एस साहू, शशि, विनीता अपने परिवार के सदस्यों के साथ उपस्थित थे।

### क्रिसमस-डे पर छात्रों ने प्रभु यीशु के गीतों पर दी प्रस्तुति

**गेवरा-दीपका।** दीपका के सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल में क्रिसमस-डे का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एसईसीएल दीपका एरिया के महाप्रबंधक अमित सक्सेना, विशिष्ट अतिथि दीक्षा महिला समिति दीपका की अध्यक्ष आभा सक्सेना, जोएल अब्राहम, निज सचिव आरके पांडे, बीएमएस नेता जी उद्यान, एचएमएस नेता तरूण राहा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य शिजू रोबर्ट ने की। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रभु यीशु के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही देशभक्ति गीतों से भी कार्यक्रम में समा बांधा। जीएम सक्सेना ने कहा कि क्रिसमस का पर्व प्यार, उदारता का प्रतीक है। छात्र-छात्राएं खुशनुमा माहौल में जीवन व्यतीत करते हुए सफलता की ओर आगे बढ़ें।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा दिया का कार्यशाला संपन्न

**रजगामार।** डिवाइन ग्रुप दिया कोरबा मंडल के द्वारा बीते दिनों ग्राम केराकछार में शा.उ.मा.विद्यालय रजगामार के एनएसएस कैंप में नशामुक्त युवा, युवा कौन, स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, युवा जागरण से राष्ट्र जागरण विषय पर पावर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत विस्तारक कन्हैया लाल चौहान ने कहा कि युवा वही जिसमें साहस हो, उमंग हो उत्साह हो, सकारात्मक सोंच हो, तथा भूतपूर्व सैनिक दिया कोरबा के विशिष्ट वक्ता भानुप्रताप चन्द्रा ने कैरियर मार्गदर्शन किया और कहा कि विद्यार्थी आत्मविश्वास से भरे हो, उनका लक्ष्य निर्धारित हो और लगन से मेहनत हो तो सफलता जरूर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन खिलावन पटेल के द्वारा किया गया। साथ ही नशा मुक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आरएन बघेल, शिव प्रसाद कौशिक एचएम, व्याख्याता आरपी तिवारी, व्याख्याता श्रीमती स्वाती सक्सेना, व्याख्याता श्रीमती अहिल्या साहू, दीया कोरबा सदस्य सत्यप्रकाश दास, विहान सिंह, एनएसएस वालेंटियर व विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

### सब इंस्पेक्टर के रिजल्ट जारी करने युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**कोरबा।** प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के लिए वर्ष 2018 में हुए भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 5 साल से अटका हुआ है। कांग्रेस सरकार का पूरा कार्यकाल गुजरने तक अभ्यार्थियों ने रिजल्ट जारी होने का इंतजार किया। अब नई सरकार आने के बाद उक्त भर्ती परीक्षा रद्द न कर दिया जाए इसे लेकर अभ्यार्थियों में चिंता बढ़ गई है। इसलिए जिले सहित प्रदेश में अभ्यार्थियों द्वारा जल्द रिजल्ट जल्द जारी करने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम जिले में अभ्यार्थी जो सब इंस्पेक्टर परीक्षा दे चुकें है वे सुभाष चौक से घंटाघर तक कैंडल मार्च निकालकर रिजल्ट जारी करने की मांग किए। कैंडल मार्च निकाल रहे हैं युवाओं ने बताया कि 5 सालों में एक ही नौकरी के लिए इंतजार करना दुख की बात है। चार महा पूर्व अंतिम इंटरव्यू होने के बाद एक उम्मीद हुई थी कि रिजल्ट जल्द से जल्द जारी हो जाएगा। अब सरकार बदल चुकी है और हमें उम्मीद है कि नई सरकार हमारे साथ न्याय करेगी और रिजल्ट जल्द से जल्द जारी करेगी।

## कैबिनेट मंत्री का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

# अधिवक्ताओं की हर समस्याओं का समाधान करने का होगा प्रयास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के तत्वावधान में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर कोरबा में केबिनेट मंत्री एवं शहर विधायक लखनलाल देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय के उद्घाटन एवं केबिनेट मंत्री के सम्मान समारोह का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किया गया था। सम्मान एवं स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लखनलाल देवांगन ने प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विजय दिलाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष संजय जायसवाल, सचिव नूतनसिंह ठाकुर, अशोक तिवारी, बीके शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी एवं नरेंद्र पाटनवार मौजूद रहे। सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर श्री देवांगन ने उक्त मांग को भाजपा के घोषणा पत्र में होने की जानकारी देते हुए इसे विधानसभा में शीघ्र पेश करने का भरोसा दिया। कोरबा में जिला न्यायालय की स्थापना के दशकों बाद जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय का शुभारंभ लखनलाल देवांगन ने किया इस अवसर पर अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने में हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद अब्दुल रहमान, पार्षद धनश्री साहु, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राठौर, डी के अग्रवाल, महेंद्र चंदेल, सुरेश सिंह,अखिलेश पांडे, राजेन्द्र पांडे, संतू साहु, राजेन्द्र साहु, दीपक दुबे, राजकुमार अज्ञेय, मंगल देवांगन, मधु पांडे, सरिता पांडे, सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कौशिक, सहसचिव के बी शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, क्रांति श्रीवास, सावित्री धांधी, विनोद साहु, जनक देवांगन, पोहर पांडे, सुरेश पटेल, रघुनंदन सिंह, गणेश कुलदीप, कल्पना पांडे, राजेश्वरी राठौर, मीनू त्रिवेदी , शबीना खातून, शबनम खान सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



फीता काटते कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अधिवक्तागण।

### कुर्मी समाज ने किया कैबिनेट मंत्री का स्वागत



प्रदेश सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मंत्री पद पर आसीन होने के बाद विभिन्न समाज के संगठनों द्वारा उनका स्वागत कार्यक्रम का आयोजन कर हार्दिक अभिनंदन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुर्मी समाज द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन का स्वागत किया है। समाज के कूमि क्षत्रिय कल्याण समिति कोरबा के पदाधिकारियों द्वारा भेंट मुलाकात कर समाज के जमीन संबंधी जानकारी दिया गया। इस अवसर पर मोहन पटेल, कुर्मी आरपी वर्मा, संजय कुर्मवंशी, कुर्मी कश्यप उपस्थित थे।

### हार-जीत मायने नहीं, खेल भावना जरूरी : लखन




हार-जीत मायने नहीं रखता। खिलाड़ियों को खेल भावना कायम रखना जरूरी है। जिस तरह से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, उससे खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा और भविष्य में उन्हें ख्यातिलबध प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। उक्त बातें एसईसीएल के सुभाष ब्लॉक स्थित खेल मैदान में मिर्जा हशिम बेग की स्मृति में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कही। श्री देवांगन ने कहा कि एक सच्चा खिलाड़ी और एक सच्चा नागरिक वह है जो खेल और समाज के नियमों के अनुसार अपना कर्तव्य निभाता है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें स्मृति भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, अमित नवरंगलाल, पार्षद अब्दुल रहमान, सुशील गर्ग, मनोज ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी सीएई एवं रीजनल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जेंजरा में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फेस टू 26 से 27 दिसंबर का आयोजन उपक्षेत्रीय अधिकारी व प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा -निर्देशन में तथा कोरबा जोन -ई की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ श्रीमती राज रेखा शुक्ला के मार्गदर्शन में व खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी, सैला पाली के प्राचार्य के. बी पांडेय, भंवर के प्रभारी प्राचार्य विवेक जयसवाल, बड़मार के प्रभारी प्राचार्य राजू साहू के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में कोरबा में संचालित समस्त डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के विभिन्न विषयों के 70 शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रशिक्षित हुए जिसमें प्रशिक्षित करने के लिए डीएवी (सीएई) के द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर भारती जटवार, शशि भूषण पाधी, विनीता गुमास्था, निशा नायर, ओम प्रकाश काटरे, डी.के पांडा, पूनम जयसवाल, स्वेता जयसवाल एवं गोविंद प्रसाद पाण्डेय के द्वारा सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे विभिन्न कौशलों व बच्चों की प्रतिभा में निपुणता, गुणवत्ता, लाभकारी व रुचिकर बनाने के गुण और तरीके भी बताए गए। साथ ही वैदिक हवन-यज्ञ कराया गया। अंत में संस्था प्रमुख डा श्रीमती राज रेखा शुक्ला ने इसमें सभी विषय प्रशिक्षकों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा यह कार्यशाला तभी सफल माना जायेगा जब हमारे प्रशिक्षक इसे अपने विद्यालय में क्रियान्वयन करेंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी स्कूलों से आए जिनमे प्रभात कुमार पंडा, मनीषा राजपूत, सोनी सिंह, संगीता पांडेय, प्रीति अग्रहरि ने इस कार्यशाला से प्राप्त हुए ज्ञान और शैक्षणिक पद्धति का प्रयोग करने पर अपने विचार व्यक्त किया। खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षक इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शिक्षण में पूर्ण रूप से उपयोग करेंगे। इस कार्यशाला के द्वारा वे अपने विद्यालयों में जाकर बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए पूर्ण रूप से योगदान देंगे। सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

# अखबार वितरक संघ का झोराघाट में वनभोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



छत्तीसगढ़ अखबार वितरण संघ द्वारा आयोजित वन भोज में जिले के सभी इकाइयों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल होकर झोराघाट छुरी में वनभोज का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा ने कहा कि प्रतिदिन घर-घर जाकर अखबार वितरण करने के बाद विद्यालय में पढ़ने या अन्य व्यवसायिक कामों में दिनभर व्यस्त रहते हैं। जिसके चलते स्वस्थ वातावरण में विचरण का मौका नहीं मिलता है। स्वास्थ्य के लिए विचरण का भी मौका आवश्यक है इसलिए छत्तीसगढ़ अखबार वितरण संघ ने वन भोज के जरिए वितरकों को स्वस्थ वातावरण में विचरण हेतु वन भोज का सफल आयोजन किया गया। जिले के कोरबा शहर, बालको, एनटीपीसी, कटघोरा, पाली व बाकी मोगरा के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू ने आगामी छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा कोरबा में माह फरवरी 24 को प्रदेश व राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के सभी इकाइयों से सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की तथा हर वर्ष दो बार वन भोज या धार्मिक /पर्यटन स्थलों पर विचरण किया जावेगा। इस अवसर पर जिले के सभी पदाधिकारी व सदस्यों में बालको से रेशम साहू, बंटी कश्यप, संजू कश्यप भवानी साहू, कटघोरा से कन्हैया लाल यादव (बबलू), विजय दास ,श्रवण, अरविंद साहू, रोशन दास, युवराज, प्रिंस, कान्हा ,बाबी,अमन, सुनील, दुर्गा, पाली से सुरेंद्र सिंह ठाकुर, शशि मोहन, कोसला जमींपाली एनटीपीसी से दीपक साहू, रविंद्र बांकीमोंगरा से मकसूद अहमद कुरेशी, दिवाकर नाहक, अकबर अंसारी, रामप्रसाद डहरिया, राजू सैनी, विशेश्वर साहू, अखिलेश कुमार, आशीष नाहक, छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा व कोरबा जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, जय सिह नेताम, लक्ष्मी राठौर, रामा, राय सिंह कंवर, कृष्णा कुमार निर्मलकर, गोलू देवांगन, दिलीप यादव, सुनील साहू, दीपक एवं ओंकार उपस्थित रहे।

# टाइगर्स क्लब बालको द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको टाइगर्स टीम के द्वारा रामलीला मैदान बालको नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को आमंत्रित किया गया। बालको टाइगर्स टीम की कमेटी से मैथ्यू, सुधीर, यहोसू, उमेश, अजय, यशवंत, कान्हा, आकाश, मेहता, प्रतीक आदि सदस्यों ने मुख्य अतिथि को खिलाड़ियों से मिलवाया जहां उन्होंने सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों की क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट दो पालियों में खेला जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने क्लब के आयोजकों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन क्लब के द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से नगर एवं अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है।

# श्याम महोत्सव: भजन गायकों ने बांधा समा, झूमते रहे नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के अग्रसेन भवन कटघोरा परिसर में श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। 26 दिसंबर को श्याम कीर्तन के रूप में बाबा का गुणगान किया गया। कीर्तन के लिए विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे ख्यातिप्राप्त भजन गायकों द्वारा श्याम भजनों से भक्तजनों को झूमने नाचने व गाने के लिए मजबूर कर दिया। पूरा नगर श्याम की भक्ति में सराबोर रहा, जिसका उपस्थित जन साक्षी रहे। यह लम्हा हर श्याम प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। इसके लिए आयोजन समिति के ऊर्जावान भक्तों ने सभी आवश्यक चीजों की वेवस्था की थी। दिल्ली के श्याम प्रेमी योगेश मित्तल द्वारा बाबा का भव्य शीश श्रृंगार किया गया था। कोलकाता के दरबार सेवक द्वारा आकर्षण फूल बगीचा बनाया गया था, जो अपने आप में देखने लायाक था। श्याम बाबा के दरबार को फूलों से सजाने के लिए कोलकाता के विशेष दरबार सेवकों को बुलाया गया था। वहीं श्याम बाबा पांडाल 18 हजार स्क्वायर फीट की व्यवस्था की गई थी। ठंड को देखते हुए समिति द्वारा डोम बनवाया गया था और पार्किंग के साथ सभी प्रेमियों के लिए श्याम रसोई प्रशादी 56भोग की व्यवस्था भी की गई थी।

**खास बातें**

- ख्याति प्राप्त भजन गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की दी गई प्रस्तुति



श्याम महोत्सव आयोजन में उपस्थित श्रद्धालु।

# बिलासपुर के बाद छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सीधे जाएगी कोरबा तक

**बिलासपुर।** अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद मेंटनेंस के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रैक को रोका नहीं जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर में आने के बाद सीधे कोरबा के लिए रवाना हो जाएगी, जिससे अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी।जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से प्रतिदिन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर, रायपुर होते हुए अमृतसर के लिए रवाना की जाती है। अमृतसर से वापसी के दौरान छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को बिलासपुर स्टेशन में रोककर मेंटनेंस के लिए कोचिंग डिपो भेज दिया जाता है, जो दूसरे दिन सुबह बिलासपुर से गेवरा लोकल बनकर निकलती है।



- अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को मिलेगी सीधी ट्रेन सुविधा

अमृतसर से बिलासपुर तक छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रूकने से चांपा और कोरबा वाले यात्रियों को दूसरी ट्रेन से सफर करना पड़ता है, जिसकी वजह से वे परेशान होते हैं। कोरबा के यात्रियों ने अमृतसर से बिलासपुर आकर रूकने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टापेज कोरबा स्टेशन तक करने मांग की, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार कर दिया गया। जनप्रतिनिधियों की मांग और रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुधवार को बिलासपुर रेल मंडल में सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक रखी गई। इसमें मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए कोरबा, चांपा, जांजगीर क्षेत्र के यात्रियों को अमृतसर से कोरबा तक सीधी यात्रा सुविधा सुनिश्चित करने अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक करने का निर्णय लिया गया, जिससे अमृतसर से कोरबा तक के यात्रियों को सीधी ट्रेन सुविधा कोरबा तक मिलेगी।

### चलेगी चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड पर मेमू

इसी तरह चिरमिरी- मनेंद्रगढ़ क्षेत्र से दिल्ली, हावड़ा, मुंबई तथा अन्य दिशाओं में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा सुविधा हेतु अनूपपुर से कनेक्टिंग गाड़ियों की पकड़ सुनिश्चित करने के लिए चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड में अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया, जिससे कि सभी यात्रियों की अनूपपुर पहुंच आसान हो, जहां से उन्हे अन्य मार्ग में यात्रा करने के लिए कनेक्टिंग गाड़ी की सुविधा प्राप्त हो।

### लिए गए अन्य निर्णय

रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोचों का प्रावधान करने का निर्णय लिया गया, जिससे अधिकाधिक यात्री बैठकर सहज व सुविधापूर्वक यात्रा कर सकेंगे। कोरबा से रायगढ़ के मध्य सीधी ट्रेन चलाई जाएगी, जिससे कोरबा के यात्रियों को बिना गाड़ी बदले रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा प्राप्त हो सके। इससे उनकी रायगढ़ तक सीधी यात्रा कम समय में पूरी होगी। वर्तमान में कोरबा से रायगढ़ जाने वाले यात्रियों को चांपा स्टेशन में गाड़ी बदलकर जाना पड़ता है। पारंपरिक पैसेंजर रैक को यथाशीघ्र तेज गति से चलने वाली मेमू रैक में बदला जाएगा, जिससे गाड़ी त्वरित गति से परिचालित होगी तथा यात्री सही समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे और गाड़ियों की समयबद्धता भी बढ़ेगी।

*कोरबा। कटघोरा वनमंडल में पिछले लंबे समय से हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है लगातार वनांचल क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी है।

Franchise Unit of
PHYSICS WALLAH
a leading Online Ed-Tech
Platform is HIRING
MARKETING EXECUTIVE
JOB DESCRIPTION
- Minimum 1 year work experience as a sales and marketing professional preferable in Ed Tech
- Excellent communication skill with a pleasing personality
- Degree in marketing or relevant field
- Basic computer skills
- Age Limit: 35 years
- Languages Spoken English, Hindi
COUNSELLOR
JOB DESCRIPTION
- Minimum 2 year work experience as a parents/student counsellor in PU colleges/Coaching Centers
- Excellent Communication skill with a pleasing personality
- Educational Qualification: Minimum Graduacation
- Basic computer skills
- Languages spoken English, Hindi
Interested Candidates should send their resume to below mentioned Email id
pw_korba_head_fr@pw.live
for Queries, call on
7898944805
9343716932

## पृष्ठ 1 का शेष

### पुरानेविधायकों की...

के विधायक निधि की अंतिम किस्त की राशि 98 लाख 66 हजार 667 हाल ही में जारी हुए हैं और इन राशि से नए विधायकों को पुराने कार्यों के साथ नए कार्य भी कराए जा सकते हैं। हालांकि पुराने जो प्रस्ताव पेडिंग हैं उन पर ही राशि खर्च की जाएगी। इस वर्ष विधानसभा चुनाव में जिले के चारों विधानसभा से नए विधायक चुनकर आए हैं, जो इस विधायक निधि का उपयोग विकास कार्यो के लिए करेंगे। इसके अलावा आम जनता की मांग पर नए प्रस्ताव तैयार कर इसी विधायक निधि की राशि से उन कार्यों को ही पूरा कराया जाएगा। क्षेत्रीय जनता को विधायक निधि राशि का इंतजार रहता है। जनप्रतिनिधि अपनी विधायक निधि की राशि का उपयोग सामाजिक विकास कार्यों के साथ क्षेत्रीय विकास कार्यों पर खर्च करते हैं।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शालेय तैराकी स्पर्धा में भाग लेंगे पार्थ



**कोरबा।** राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में तैराकी में एक के बाद एक पदक जीत चुके पार्थ श्रीवास्तव जिले के एकमात्र तैराक हैं जो अब तक कि विभिन्न तैराकी प्रमियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने बेहतर प्रदर्शन से पदक जीतने वाले पार्थ का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पुल में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ है प्रतियोगिता 3 जनवरी 2024 से 9 जनवरी 2024 तक दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पूल में आयोजित हो रहा है। जिसमें जिले के एकमात्र तैराक पार्थ श्रीवास्तव का चयन हुआ है। पार्थ श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल रामपुर में ग्यारहवीं के छात्र हैं। पार्थ श्रीवास्तव इससे पूर्व 37वीं नेशनल गेम्स जो की गोवा में आयोजित हुआ था, उसमें वे 9वीं पोजिशन में आए थे। पार्थ श्रीवास्तव इस वर्ष के नेशनल स्कूल गेम्स में पदक के दावेदार हैं। पार्थ श्रीवास्तव नेशनल स्कूल गेम्स में 200 ,400 और 800 मीटर फ्री स्टाइल में अपना जौहर दिखाएंगे। पार्थ श्रीवास्तव इसके पूर्व अपने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में अपने सभी इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीत कर अपना चयन नेशनल की प्रतियोगिता के लिए करवाए है।

### त्यौहार शत्रुनता व वैमनस्य को भुलाकर मित्रता, सत्यता का पाठ पढ़ाती है:डॉ. गुप्ता




**कोरबा।** त्यौहारों का देश कहा जाने वाला देश भारत जहाँ हर त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, चाहे वह धार्मिक त्यौहार हो चाहे राष्ट्रीय त्यौहार। दिसम्बर जो कि पूरे वर्ष का अंतिम समय अंतिम महिना है, ऐसे में जहाँ हम अपने पूरे वर्ष के कार्यों की समीक्षा कर, पुराने की विदाई हेतु भाव विभोर रहते हैं, उसी समय जिंगल बेल की धुन पर सैंटा हमारे बीच क्रिशमस की सौगात लेकर नये वर्ष का स्वागत करता हमारे चेहरे पपर खुशियों के रंग बिखेरता हैं। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ क्रिशमस का त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम क्रिशमस के पावन अवसर पर परंपरानुसार केक काटकर सभी को क्रिशमस की शुभकामनाऐं दी गई। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लास का मनमोहक रूप धारण कर सबको क्रिसमस की बधाइयां दी। सैंटा बने बच्चों ने अन्य विद्यार्थियों को चॉकलेट बांटकर क्रिसमस की खुशियां बांटी। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती स्वाति सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि क्रिशमस का त्यौहार प्रभु ईशा मसीह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा श्री फैडरिक ने बताया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं सत्य के मार्ग पर सतत रूप चलना ही मानव का उद्देशय होना चाहिए। प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि अनेकता में एकता यह हमारी विशेषता है। सभी त्यौहारों से हमें जो शिक्षा मिलती हैं, उसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हर त्यौहार हमें शत्रुनता व वैमनस्य को भूलाकर मित्रता एवं सत्यता का पाठ पढ़ाती है। हमें सच्चे दिल से हर त्यौहार को मनाना चाहिए उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में लाना चाहिए।

### जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10 बिस्तर वाला आईसोलेशन वार्ड तैयार




**कोरबा।** जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त सभी 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैपए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयाँ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेण्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जॉंच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है। 26 दिसंबर को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक दुर्ग में चार और रायपुर में एक संक्रमित मरीज फिर मिले हैं। वहीं सभी संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट की जीनोम सिक्वेसिंग के लिए सैंपल को एम्स में भेजे गए हैं। इसी के तहत जिले में कोरोना नियंत्रण में है, स्वास्थ्य विभाग एक्टिव मोड पर काम कर रही है।

## शहरी क्षेत्र के लोड को डिवाइड करने विभाग की हो रही है पहल

# चार सब स्टेशन की निर्माण गति सुस्त, अब तक नहीं हो पाया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के दिनों में शहरी क्षेत्र में बिजली की डिमांड बढ़ जाती है और ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है जिसकी वजह से पावर कट की समस्या आम हो जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शहरी क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा चार अलग-अलग स्थान पर सब स्टेशन पर स्थापित करने की दिशा पर पहल की गई है और सब स्टेशन का काम चल भी रहा है लेकिन अब तक सब स्टेशन का काम पूरा नहीं हो पाया है यदि आने वाले गर्मी में यह काम पूरा नहीं हो पाया तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से दो-चार होना पड़ेगा।

**खास बात**

- गर्मी में नहीं हुआ चार्ज तो उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ेगी फिर परेशानी




**मार्च के पहले किया जाएगा चार्ज**

शहरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने चार सब स्टेशन के निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें से खरमोरा सब स्टेशन 15 दिन के भीतर चालू होने की उम्मीद है जबकि शेष 3 सब स्टेशन को मार्च के पहले चार्ज किया जाएगा।

- प्रेम लाल सिदार
अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग के स्थानीय अफसर द्वारा शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन और दर्री जोन में चार अलग-अलग सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद शहर के सुनालिया मोड़ पर, खरमोरा, मिनीमाता कॉलेज के पीछे व दर्री सहित चार अलग-अलग स्थान में करोड़ों की लागत से सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है इससे काम लगातार पिछड़ते ही जा रहा है। अब तक सब स्टेशन को चार्ज हो जाना था लेकिन अब तक चारों सब स्टेशन में से एक भी चार्ज नहीं हो पाया है। आने वाले कुछ दिनों में मार्च के महीने से गर्मी शुरू हो जाएगा और ऐसे में सब स्टेशन चार्ज नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि विद्युत विभाग के अफसर का मानना है कि गर्मी के पहले जो सब स्टेशन को तैयार कर चार्ज कर लिया जाएगा और इस गर्मी में शहरवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सके इस दिशा पर पहल होगी। चारों सबस्टेशन के चार्ज होने जाने के बाद लोड की समस्या ना के बराबर रहेगी और लोड डिवाइड हो जाएगा जिससे समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

**मार्च से बढ़ेगी बिजली की डिमांड**

हालांकि अभी ठंड का मौसम चल रहा है बिजली की डिमांड बहुत कम है और ऐसे में विद्युत विभाग के स्थानीय अफसर व कर्मचारी अभी राहत की सांस ले रहे हैं लेकिन आने वाले मार्च के महीने से गर्मी दस्तक देगी और गर्मी के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ेगी। ऐसे में जैसे-जैसे बिजली की डिमांड बढ़ती है वैसे-वैसे ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ना शुरू हो जाता है। जिससे बिजली की समस्या भी लगातार बढ़ती ही जाती है इसलिए स्थानीय अफसर को गर्मी को ध्यान में रखकर अभी से बिजली की सारी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को और उपभोक्ताओं को बिजली के लिए फिर से गर्मी में परेशानी ना हो।

**गर्मी में सबसे ज्यादा होता है पावरकट**

हालांकि अभी गर्मी का सीजन आने में 2 महीना शेष है। मार्च के महीने से जैसे-जैसे सूर्य की तपिश तेज होगी अप्रैल मई के महीने में बिजली की डिमांड सबसे ज्यादा पिक पर होती है जो लगातार जून जुलाई तक जाता है। ऐसे में शहरी क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो पावर कट की समस्या आम हो जाती है। बीते वर्ष शहरी क्षेत्र में पावरकट की समस्या इतनी विकराल रूप ले चुकी थी कि शहरवासियों का कई बार आक्रोश भी फूट पड़ा था इसके लिए स्थानीय अफसर व राजधानी के अफसरों को भी फटकार खानी पड़ी थी और राजधानी के अफसर भी यहां पहुंचे थे और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर पहल भी की थी। हालांकि अब इस गर्मी में पता चलेगा कि शहर की विद्युत व्यवस्था किस हद तक सुधरी है या नहीं।

# बिरसा मुंडा व शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर हो नया संयंत्र


सीएम से मुलाकात करते संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मांगे रखी। जिसपर मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास करेगा।

भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रवादी संगठन है जो कि भारत के लगभग सभी राज्यों में पूरे प्रदेश के श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री नरोत्तम धृतलहरे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 20 व 21 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र दल्ली राजहरा में आयोजित होगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन समझौता पूर्ण करवाने व एरियर्स दिलवाने हेतु सहयोग प्रदान करने तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों को राज्य शासन की दर पर मजदूरी का भुगतान किया जाता है जबकि भिलाई इस्पात संयंत्र केन्द्र सरकार का उपक्रम है और केन्द्र सरकार का मजदूरी दर राज्य सरकार की दर से ज्यादा है और भिलाई में केन्द्रीय श्रम कानून लागू होता है। संघ की मांग है कि कोरबा में प्रस्तावित 1320 मेगावाट नये संयंत्र का नामकरण भगवान बिरसा मुंडा या शहीद वीरनारायण सिंह के नाम पर किया जाए, विद्युत कंपनी में भी पुरानी पेंशन योजना शुरू कि जाए साथ ही लंबे समय से संविदा में कार्यरत लाईन कर्मचारियों को नियमितिकरण करते हुए बोनस एवं मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाए, कांग्रेस सरकार के गठन होते ही भाजपा द्वारा लागू औद्योगिक विवाद अधिनियम को समाप्त कर औद्योगिक संबंध अधिनियम लागू करके बालको संयंत्र में कार्यरत इंटक यूनियन को अनुचिंत ढंग से मान्यता दे दिया गया है। श्रम विभाग को आदेशित करते हुए तत्काल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए तथा रिक्त पदों पर विभागीय कार्यकर्ताओं की भर्ती 50 प्रतिशत तक किया जाए। प्रदेश में कार्यरत रसोइयों कार्यकर्ताओं को विगत 2 से 3 माह का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है तथा कई जिलों में 4 से माह तक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। नियमित भुगतान की पहल की जाए, घोषणा पत्र के अनुरूप मितानीनों की मानदेय में 50 प्रतिशत राशि की वृद्धि किया जाए। इस दौरान सुनील किरवई, सुरेन्द्र पाण्डे, आरएस जायसवाल, शोभा सिंहदेव, भोला प्रसाद तिवारी, नरोत्तम धुतलहरे, सुश्री रीता एक्का, दिनेश पांडे, सोनिया मरावी, शंख ध्वनि सिंह बनाफर, योगेश दत्त एवं सुंदर सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**खास बात**

- भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर रखी मांग

# जिले के 5 ब्लॉकों में 3 करोड़ 30 लाख की लागत से तैयार होंगे 10 उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांचों विकासखंडों में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। प्रतिवर्ष जिले को जारी होने वाले 15वें वित्त की राशि 3 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च कर 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रति इकाई 28 लाख 51 हजार की राशि निर्धारित की गई है। इसे लेकर प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित पत्र भी जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक डॉ नेहा गर्ग के द्वारा नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन दिल्ली को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया गया था। इस पत्र के दो साल बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिसके तहत 15वें वित्त की राशि से न केवल कोरबा में बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली के द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने से संबंधित पत्र में उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के अधोसंरचना निर्माण हेतु प्रति संस्था 28.51 लाख के मान से 15509.44 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है। पत्र में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही कोरबा जिले में भी 10 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया है। उक्त सभी नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र जिले के पांचों विकासखंड में तैयार होंगे। इसके लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के द्वारा निविदा की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

**सबसे अधिक कटघोरा ब्लॉक में बनेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र**

सबसे अधिक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कटघोरा ब्लॉक में होना है। कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत चाकाबुड़ा में एक, छुरीकला में एक, विजय नगर कटघोरा में एक, सिंचाई कॉलोनी कटघोरा में एक एवं मुख्य शहर कटघोरा में एक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस तरह से कुल 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्रों में से कटघोरा ब्लॉक में ही 5 स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अलावा कोरबा ब्लॉक के रामसागरपारा में एक, करतला ब्लॉक के खरवानी में एक, पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत राहा में एक और ग्राम पंचायत चैतमा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे।

### केसीसी ने किया जलप्रपात शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण तथा वनभोज का आयोजन लेमरू, देवपहरी के समीप नकिया में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाइड्रो-जनरेशन पॉवर प्लांट का निरीक्षण कर, पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्र का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी ग्रामीण खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा बीसीए, बीबीए, बीकॉम, डीसीए, पीजीडीसीए एवं एम एससी (कम्प्यूटर विज्ञान) के विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य संगीता रावत ने इस शैक्षणिक भ्रमण एवं वनभोज का सफल आयोजन एवं अनुशासित व्यवहार के लिए सभी विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षकगणों को बधाई दी एवं सभी का आभार जताया। इस दौरान शिक्षक कपीश कबीर, लता साव, शिक्षक सुरभि कुण्डू, बालीदास महंत एवं श्रद्धा खुटें उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राजस्व प्रकरणों एवं मुख्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में 74 बसाहटों में रहने वाले 1200 परिवारों के लगभग 4 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने योजनांतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने की बात की। साथ ही सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने योजना के मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी बनाने तथा कमेटी गठित करने की बात कही। साथ ही योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के लिए भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड वार ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनसामान्य को केन्द्र शासन की योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विवादित-अविवादित नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने एवं लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780







